प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– केंद्र सरकार से रेलवे विस्तारीकरण के लिए भरपूर सहयोग के बावजूद सुक्खू सरकार नहीं कर रही सहयोग।
- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने वित्त वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट को सुधारवादी व दूरदर्शी बताया।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले इलाकों में ओलावृष्टि व वर्षा से शीतलहर बढ़ी।
- धर्मशाला के मैकलोडगंज में अवैध रूप से रह रहे चीन के एक नागरिक को किया गया गिरफ्तार–जांच जारी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में तीन हजार करोड़ रूपए की लागत से विश्व स्तरीय अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में जल्द ही पैट स्कैन और रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को भी मजबूत कर रही है ताकि मरीजों को उनके घर द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में 3 सौ डॉक्टरों का प्रशिक्षण और अवकाश रिजर्व कोटा बनाने के निर्देश भी दिए।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तारिकरण के लिए केंद्र सरकार के भरपूर सहयोग के बावजूद भी सुक्खू सरकार रेलवे के काम में अडंगा लगा रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट में हिमाचल में रेलवे के विस्तार व सुदृढ़ीकरण के लिए दो हजार 9 सौ 11 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार रेल नेटवर्क विस्तारीकरण में अपने हिस्से के काम में सहयोग नहीं कर रही है जिससे हिमाचल में रेलवे परियोजनाएं प्रभावित हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार की ये उदासीनता न तो हिमाचल के हित में है और न ही आर्थिकी व औद्योगिकरण को बढ़ावा देने की भविष्य की योजनाओं के हित में है। उन्होंने मुख्यमंत्री से राजनीतिक विद्वेष छोडकर प्रदेश में चल रही रेल परियोजनाओं में पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार काम करने का आग्रह किया है ताकि राज्य में बेहतर रेल क्नेक्टिविटी का सपना साकार हो सके।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीतियों को संघीय ढांचे की भावना के विपरीत बताया है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की इन नीतियों से विशेष रूप से पहाड़ी संसाधन संरक्षण करने वाले राज्यों को आर्थिक संकट की ओर धकेला जा रहा है। चंद्र कुमार ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए राज्यों के अधिकारों और संघीय ढांचे की रक्षा आवश्यक है।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का मजबूत आधार है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये बजट परम्परागत लोक लुभावन घोषणाओं वाला नहीं बल्कि सुधारवादी व दूरदर्शी बजट है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बिना तथ्यों के बजट का विरोध कर रही है जबकि प्रदेश को पहले से कई गुणा अधिक सहायता मिल रही है।

सिकंदर

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केंद्र सरकार से सैनिकों, पूर्व सैनिकों, बुजुर्ग व बीमार सैनिकों के लिए हमीरपुर जिले में बडसर विधानसभा क्षेत्र के ढटवाल में एक इएसएम कैंटीन एक्सटेंशन कांउटर खोलने का आग्रह किया है। उन्होंने आज संसद में सैनिकों, पूर्व सैनिकों, बुजुर्ग व बीमार सैनिकों की समस्या का मामला उठाया। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि हमीरपुर और बडसर में दो पूर्व सैनिक कैंटीन काम कर रही है जिनपर 13 हजार पांच सौ 27 कार्ड धारक निर्भर हैं जिनमें से तीन हजार 9 सौ आठ कार्डधारक ढटवाल तहसील के है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दोपहर बाद से मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व वर्षा हुई है। राज्य के उंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। कुल्लू ज़िले में सोलंगनाला, अटल टनल, धुंधी व कोठी सहित अन्य स्थानों पर भारी हिमपात हो रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के मध्यम व अधिक उंचाई वाले कुछ स्थानों पर वर्षा व बर्फबारी का पुर्वानुमान जताया गया है जबकि कल से मौसम में सुधार आने की संभावना है।

चीनी नागरिक

धर्मशाला के मैकलोडगंज में चीन का एक नागरिक पिछले लगभग एक सौ 30 दिनों से बिना वैध भारतीय वीजा के पाया गया है। कांगड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर सिंह ने बताया कि ये चीनी नागरिक नेपाल का 90 दिनों को टुरिस्ट वीजा लेकर पहुंचा था और बिना वैध दस्तावेजों के भारत

पहुंच गया। उन्होंने बताया कि इसे गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– केंद्र सरकार से रेलवे विस्तारीकरण के लिए भरपूर सहयोग के बावजूद सुक्खू सरकार नहीं कर रही सहयोग।
- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने वित्त वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट को सुधारवादी व दूरदर्शी बताया।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले इलाकों में ओलावृष्टि व वर्षा से शीतलहर बढ़ी।
- धर्मशाला के मैकलोडगंज में अवैध रूप से रह रहे चीन के एक नागरिक को किया गया गिरफ्तार–जांच जारी।

———————————————